कुड़ियाघाट पर शेफ कुणाल ने बनाई मलाई गिलोरी

Zeba.Hasan@timesgroup.com

गोमती के किनारे कुड़ियाघाट हल्की हल्की बारिश की बूंदों से नहा रहा था। कभी ठंडी हवा का झोंका आता तो कभी सूरज की हल्की चमक। मौसम की ऐसी ही लुका-छुपी के बीच शेफ कुणाल कपूर कभी गर्मा-गर्म जलेबी तलते नजर आ रहे थे तो कभी शहर की फेमस मलाई गिलोरी तैयार कर रहे थे। भला कुड़ियाघाट पर मिठाई बनाने का क्या काम? अगर आपके मन में यह सवाल आया तो आपको बता दें कि बुधवार को कुणाल एक फूड वेब सीरीज की शूटिंग लखनऊ में कर रहे थे, जिसका नाम है द डेजर्ट ब्रेकअप। इस वेब सीरीज के लिए उनका साथ देने के लिए 'हाईवे ऑन माई प्लेट' जैसे फूड शोज करने वाले रॉकी एंड मयूर भी मौजूद थे।

मलाई गिलोरी में डाल रहे ट्विस्ट

डायबिटिक होने की वजह से या फिर फैट बढ़ने के डर से, अकसर लोग मीठा खाने से परहेज करते हैं। इसी ट्रेंड को देखते हुए इस वेब सीरीज में कुणाल पांच शहरों की फेमस मिठाई को शुगर फ्री के साथ तैयार करेंगे, ताकि हेल्थ कॉन्शस लोग भी इन्हें आराम से खा सकें। कुणाल कहते हैं कि आज हमारी लाइफस्टाइल ऐसी हो गई है कि ज्यादातर लोग मीठा खाने से बचते हैं क्योंकि उन्हें वजन बढ़ जाने की चिंता होती है। इसको लेकर हम एक वेब सीरीज तैयार कर रहे हैं, जो यूट्यूब पर रिलीज होगी। इसके तहत पांच शहर दिल्ली, कोलकाता, मुम्बई, बेंगलुरु और लखनऊ को चुना गया है। इन शहरों की फेमस मिठाई को हम शुगर फ्री के साथ रीक्रिएट करेंगे। लखनऊ की मलाई गिलोरी बहुत फेमस है, यह मुंह में जाते ही घुल जाती है, इसीलिए हमने इसे चुना। रिक्रिएशन में इसके स्वाद में कोई फर्क भी नहीं आया।

हम तो सूत्रधार हैं

कई फेमस फूड शो में मस्ती भरे अंदाज में नजर आने वाले रॉकी और मयूर इस वेब सीरीज में भी खास अंदाज में नजर आएंगे। रॉकी और मयूर कहते हैं कि हम वैसे तो लखनऊ कई बार आ चुके हैं। यहां की हर गली और यहां बनने वाले खाने से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। इस बार हम खासतौर पर इस वेब सीरीज को शूट करने के लिए आए हैं। हमेशा की तरह इस बार भी हम सूत्रधार का ही काम करेंगे।

लखनऊ का शीरमाल पसंद है

दिल्ली से ताल्लुक रखने वाले शेफ कुणाल कहते हैं कि एक दौर था जब मुंह मीठा करवाने के लिए लोग सिर्फ मिठाई खिलाया करते थे, लेकिन अब तो कोई चॉकलेट खाता है तो कोई कैंडी। इसकी वजह से हलवाई वाली परम्परा खत्म सी हो रही है। हम अपनी वेब सीरीज में फेमस मिठाई बनाने वाले हलवाइयों से मिलकर उनकी रेसिपी के बारे में भी जानेंगे। मलाई गिलोरी के अलावा मुझे खाने में लखनऊ का शीरमाल बहुत पसंद है। मैंने इसे बनाना अपने उस्ताद गुलाम रसूल से सीखा है, जो लखनऊ के बड़े फेमस शेफ हैं।

Satyendra Mehrotra